HAMIRPUR POLICE

थाना सुमेरपुर **दिनाँक-24.03.2024**

अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ व पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन

आज दिनांक 24.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024, आगामी त्यौहार ईद, होलिका दहन/होली की पूर्व संध्या पर त्यौहारों सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना सुमेरपुर क्षेत्र अन्तर्गत सीआरपीएफ व पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। आम जनमानस से वार्ता कर आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण मनाने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। किसी भी अराजक तत्व के द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में आम जनता से संवाद कर ऑपरेशन त्रिनेत्र फेज-2 के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन द्वारा निर्गत निर्देशों से अवगत कराया गया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर हमीरपुर, प्रभारी निरीक्षक थाना सुमेरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।